**Regarding need to confer Bharat Ratna on Jagdev Prasad who laid down his life fighting for the rights of depressed classes- laid**

श्री अभय कुमार सिन्हा **(औरंगाबाद) :** अमर शहीद जगदेव प्रसाद भारत के उन अग्रणी समाजवादी नेताओं में से एक थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, बराबरी, और शोषित-वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया । उन्हें ?भारत का लेनिन? कहा गया क्योंकि उन्होंने जातिवादी और सामंती व्यवस्था के खिलाफ खुलकर संघर्ष किया ।9 सितम्बर 1974 को कुर्था (अरवल, बिहार) में वे पुलिस की गोली का शिकार होकर शहीद हो गए । उनका बलिदान आज भी बिहार और देशभर के पिछड़े, दलित, आदिवासी, वंचित वर्गों के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है । भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है जिन्होंने भारत के निर्माण, चेतना और मूल्यों को गहराई से प्रभावित किया हो । जगदेव बाबू का जीवन और बलिदान न केवल बिहार बल्कि पूरे भारत के लिए सामाजिक क्रांति का प्रतीक रहा है । उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करना वंचित तबकों को न्याय और गौरव का एहसास कराना होगा । अतः मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी को मरणोपरांत "भारत रत्न" से सम्मानित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए ।